Counter-Guarantee for Power Projects of ST-CMS

*268. PROF. RAM KAPSE : Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Govemment have ap-proved the counter-guarantee facility for 250 MW power projects of ST-CMS; and

(b) if so, the details of those projects?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (DR. S. VENUGOPALACHARI) : (a) No, Sin

(b) Does not arise in view of reply to (a) above.

*** अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु केन्द्रीय परियोजनाएं**

*369. **श्री गोविन्दराम मिरी** : क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षो के दौरान मध्य प्रदेश, असम और राजस्थान के निर्माण क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों एंव अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शुरू की गई केन्द्रीय परियोजनाओं का ब्यौरा क्या हैं,

(ख) इस प्रयोजनार्थ वर्ष-वार कितनी-कितनी धनराल शि आवंटित की गई, और

(ग) प्रत्येक परियोजना के लक्ष्यों और उपलब्धियों का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगाद मंत्री (श्री किंजारापू येरन्नायडु) : (क) मध्य प्रदेश, असम और राजस्थान सहित सभी राज्यो में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से संबंधित लोगों और अन्य लोगों में से गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विगत पांच वर्षो के दौरान चलाए गए प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार है:-

(1) सुनिश्चित रोजगार योजना

(2) गहन जवाहर रोजगार योजना

(3) उन्नत औजार-किटों की आपूर्ति (जुलाई, 1992 से)

(4) गंगा कल्याण योजना (फरवरी, 1997 से)

1.1.1996 से गहन जवाहर रोजगार योजना को सुनिश्चित रोजगार योजना में मिला दिया गया है ।

इन कार्यक्रमों के अलावा, इन राज्यों में जवाहर रोजगार योजना, दस लाख कुओं की योजना, इंदिरा आवास योजना, समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम ट्राइसेम और डवाकरा के चालू कार्यक्रम भी जारी रहे ।

(ख) और (ग) समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम, जवाहर रोजगार योजना (गहन जवाहर रोजगार योजना, दस लाख कुओं की योजना तथा इंदिरा आवास योजना सहित), सुरिक्षित रोजगार योजना ट्राइसेम, डवाकरा, उन्नत औजार किटों की आपूर्ति तथा गंगा कल्याण योजना के अतंर्गत असम, मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्यों में आबंटित जारी की गई राशि, वास्तविक लक्ष्य और उपलब्ध के ब्यौरे विवरण I से VII में हैं।

विवरण-I

असम, मध्य प्रदेश और राजस्थान में विगत पांच वर्षो के दौरान आई.आर.डी.पी. के अतंर्गत आबंटित राशि, निर्धारित लक्ष्य और उपलब्धि

क्रम सं0	राज्य	वर्ष	आबंटित राशि (रूपए लाख में)	निर्धारित लक्ष्य	वास्तविक उपलब्धि (परिवारों की संख्या)
1.	असम	1991-92	1414.06	45249	46416
		1992-93	1332.00	37711	40157
		1993-94	2770.00	67158	63381
		1994-95	2747.00	54938	62584
		1995-96	2743.50	Not fixted	59030
2.	मध्य प्रदेश	1991-92	6865.57	219698	294810
		1992-93	6472.00	183097	184003
		1993-94	10664.00	258521	242673
		1994-95	10573.00	211466	210629
		1995-96	10565.00	Not fixted	210692